प्रसिद्ध व्यक्तियों के महान विचार

दिगम्बर सिंह
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की।

- जीवन की लम्बाई नहीं गहराई मायने रखती है–**राल्फ वाल्डो इमर्सन**
- सपनों के चक्कर में जीना भूल जाना अच्छा नहीं है–**जे.के. रालिंग**
- सबसे बड़े गर्व की बात कभी ना गिरने में नहीं है बल्कि हर बार गिर कर उठने में है–**नेल्सन मंडेला**
- सभी दिनों में सबसे अधिक बर्बाद किया गया दिन वो है, जिस दिन आप न हँसे हों–**ई.ई. क्यूमिन्स**
- सभी लोग मरते हैं, पर वास्तव में सभी लोग जीते नहीं हैं–**विलियम वालेस**
- अपनी असफलताओं से अनुभव प्राप्त करें–**ओपरा विनफ्रे**
- ज़िन्दगी साइकिल चलाने के जैसी है। बैलेंस बनाये रखने के लिए, आप को चलते रहना होता है–**अलबर्ट आईसन्टीन**
- जीवन का आनंद लेने के लिए सबसे जरूरी यह है कि आप खुश रहें, बस यही मायने रखता है–**औड्रे हेपबर्न**
- जब तक काम खत्म ना हो जाये उसे करना असंभव लगता है–**नेल्सन मंडेला**
- यदि आप वही करते हैं, जो आप हमेशा से करते आये हैं तो आपको वही मिलेगा, जो हमेशा से मिलता आया है–**टोनी रॉबिंस**
- सफलता की खुशी मनाना अच्छा है, पर उससे ज़रूरी है अपनी असफलता से सीख लेना–**बिल गेट्स**
- ज़िन्दगी एक किताब है और ऐसे हजारों पन्ने हैं, जो मैंने अभी तक नहीं पढ़े हैं–**कैसंड्रा क्लेयर**
- शिक्षा सबसे सशक्त हथियार है जिससे दुनिया को बदला जा सकता है–**नेल्सन मंडेला**
- लोग ज़िन्दगी भर भौतिक दुनिया में हर चीज़ के पीछे भागते रहते हैं और वह यह पता लगाना भूल जाते हैं कि, सबसे महान खजाना तो उनके भीतर ही है–**रोंडा बर्न**
- एक प्रेमयुक्त हृदय से सभी तरह के ज्ञान की शुरुआत होती है–**थॉमस कार्लाइल**
- दुनिया के लिए तुम एक इंसान हो सकते हो, लेकिन एक इंसान के लिए तुम पूरी दुनिया हो सकते हो–**डॉ. सेउस**
- प्रेम एक ही आत्मा का रूप है जो दो शरीरों में निवास करती है–**अरस्तु**
- जीवन में बस एक ही खुशी है, प्यार पाना और प्यार देना–**जॉर्ज सैन्ड**
- यदि आप किसी व्यक्ति से उस भाषा में बात करते हैं जो वो समझता है, तो बात उसके दिमाग में जाती है, लेकिन यदि आप उससे उसकी भाषा में बात करते हैं, तो बात सीधे उसके दिल तक जाती है–**नेल्सन मंडेला**
- पति–पत्नी के आपसी संबंध दो सच्चे मित्रों की तरह होने चाहिएं–**बी.आर. अम्बेडकर**
- जिस तरह एक फूल बिना धूप के नहीं खिलता है ठीक उसी तरह प्यार के बिना जीवन भी नहीं है–**मैक्स मुलर**

- प्रेम जीवन में सबसे बड़ी ताज़गी का अहसास देता है–**पाब्लो पिकासो**
- उस रिश्ते में जकड़ कर मत रहिये जो आपको अपने मन की करने नहीं देता–**ओपरा विनफ्रे**
- यदि हम आधुनिक विकसित भारत चाहते हैं तो सभी धर्मों को एक होना पड़ेगा–**बी.आर. अम्बेडकर**
- यदि आप लोगों को जज करेंगे तो, आपके पास उनसे प्यार करने के लिए समय नहीं बचेगा–**मदर टेरेसा**
- आप कुछ नहीं जानते इस बात का ज्ञान ही केवल सत्य ज्ञान है–**सुकरात**
- प्रेम एक आध्यात्मिक घटना है, वासना भौतिक .अहंकार मनोवैज्ञानिक है, प्रेम आध्यात्मिक–**ओशो**
- ''मित्रता करने में धीमे रहें लेकिन एक बार जब मित्रता हो जाये तो दृढ और सतत बने रहें।''–**सुकरात**
- विवाह करें; अगर आपको अच्छी पत्नी मिलती है तो आप खुश हो जायेंगे और अगर आपको बुरी पत्नी मिलती है तो आप दार्शनिक हो जायेंगे–**सुकरात**
- जो व्यक्ति अपने पास होने वाली चीजों से संतुष्ट नहीं है, वह उसे भविष्य में मिलने वाली चीजों से भी संतुष्ट नहीं होगा–**सुकरात**
- आलस्य में जीवन बिताना आत्महत्या के समान है–**सुकरात**
- ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है–**बी.आर. अम्बेडकर**
- मानव जीवन एक ताजा और जिंदा चीज है और, जिंदा चीज के साथ रहने के लिए आपका मन भी उसी तरह ही ताजा और जिंदा होना चाहिए मन कभी भी जिंदा नहीं रह सकता, जब तक कि विचारों, फैसलों और मूल्यों में जकड़ा हुआ हो–**जे. कृष्णमूर्ति**
- जितनी ज्यादा ग़लतियां हो सकें उतनी ज्यादा ग़लतियां करो, बस एक बात याद रखना फिर से वही गलती मत करना और देखना तुम प्रगति कर रहे होंगे–**ओशो**
- तनाव का अर्थ है कि आप कुछ और होना चाहते हैं जो कि आप नहीं हैं–**ओशो**
- एक गलत विचार का समर्थन जारी रखने से अच्छा है आप अपनी राय बदल लें–**सुकरात**
- अपना कीमती समय लोगों की किताबें पढने में लगाये इससे आपको वह जानने में आसानी हो जाएगी जो वह लोग बड़ी मुश्किल से जान पायें–**सुकरात**
- जब यह स्पष्ट हो कि लक्ष्य तक पहुंचा नहीं जा सकता, तब लक्ष्य न बदले। तब लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनाए गए तरीकों में बदलाव लाए–**कन्फ्यूशियस**
- जब भी क्रोध बढ़े, उसके परिणामों के बारे में सोचें–**कन्फ्यूशियस**
- अगर आप एक साल की योजना बना रहे हैं, तो एक बीज बोईये, योजना अगर दस साल की है तो पेड़ लगाईये और अगर योजना सौ साल की है तो शिक्षक बन जाइए–**कन्फ्यूशियस**
- जब आप किसी प्रशंसनीय व्यक्ति को देखें तब आप उससे भी अच्छा बनने की चेष्टा करें। लेकिन जब आप अप्रशंसनीय व्यक्ति को देखें, तब स्वयं के अंदर झांककर आत्मनिरीक्षण करें–**कन्फ्यूशियस**
- एक किताब से ज्यादा कोई वफादार मित्र नहीं होता है–**अर्नेस्ट हेमिंगवे**
- जहाँ तक मुझे पता है बुद्धिमान लोगों में खुशी सबसे दुर्लभ बात है–**अर्नेस्ट हेमिंगवे**